# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in

## BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in

Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांक–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–211 / 2016 (प्रशासन)–2 49 दिनांक– 05/01/21

कार्यालय आदेश संख्या–...01..... / 2021

सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के पत्र संख्या–1 / प्रो0(च0अ0)–1001 / 2012–सा0प्र0–12504, दिनांक–24.12.2020 द्वारा राज्य सरकार के अधीन सभी विभागों एवं इसके नियंत्राधीन लोक उपक्रमों (यथा बोर्ड, निगम, सोसाइटी, पर्षद इत्यादि) के समूह 'क' 'ख' एवं 'ग' के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चल एवं अचल सम्पति तथा दायित्यों की विवरणी प्राप्त कर उसे निर्धारित तय समय सीमा के अन्दर (15 फरवरी, 2021 तक) बेवसाईट के माध्यम से सार्वजनिक किये जाने का आदेश है।

2. उक्त आदेश के आलोक में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना में भवन निर्माण विभाग से प्रतिनियुक्त / पदस्थापित समूह 'क' 'ख' एवं 'ग' के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का चल एवं अचल सम्पति तथा दायित्व की विवरणी विहित प्रपत्र में (यह प्रपत्र सामान्य प्रशासन विभाग के वेबसाईट www.gad.bih.nic.in पर उपलब्ध है) दिनांक–16.01.2021 (शनिवार) तक अपने नियंत्री पदाधिकारी को सौंपना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उक्त प्रतिवेदन यथाशीध्र विभाग को उपलब्ध कराया जा सके।

3. निगम मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित सभी नियंत्री पदाधिकारियों को निदेश है कि सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त आदेश के कंडिका–7 का अनुपालन करते हुए भवन निर्माण विभाग, पटना से प्रतिनियुक्त / पदस्थापित कर्मियों एवं निगम से नियोजित संविदा कर्मियों का चल एवं अचल सम्पति तथा दायित्व की विवरणी विहित प्रपत्र में प्राप्त कर निश्चित रूप से दिनांक–16.01.2021 (शनिवार) तक अद्योहस्तक्षारी को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

अनु0–यथोपरि।

5/1/21
महाप्रबंधक (प्रशासन)

ज्ञापांकः–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–211 / 2016 (प्रशासन)–2 49 दिनांकः–05/01/21

प्रतिलिपिः–मुख्य महाप्रबंधक / सभी महाप्रबंधक / सभी उप महाप्रबंधक / कम्पनी सचिव / वरीय वास्तुविद् / परियोजना प्रबंधक / आई0टी0 मैनेजर (क्षेत्रीय कार्यालयों में ई–मेल के माध्यम से भी) / निगम मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में विभाग से प्रतिनियुक्त / पदस्थापित सभी पदाधिकारी / कर्मचारीगण (समूह 'क', ख' एवं 'ग') बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

नियंत्री पदाधिकारी से अनुरोध है कि उक्त का अनुपालन हेतु अपने अधीनस्थ विभाग से प्रतिनियुक्त / पदस्थापित कर्मियों का निश्चित रूप से विहित प्रपत्र में प्राप्त कर विवरणी निर्धारित समय सीमा के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि उक्त प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जा सके।

5/1/21
महाप्रबंधक (प्रशासन)

ज्ञापांकः–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–211 / 2016 (प्रशासन)–2 49 दिनांकः–05/01/21

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

5/1/21
महाप्रबंधक (प्रशासन)